

# मानवाधिकार दिवस

## दिनांक-10.12.2023









दैनिक भास्कर धमतरी 11-12-2023

### मानव श्रृंखला बनाकर मनाया विश्व मानव अधिकार दिवस



**धमतरी|** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेज धमतरी में 10 दिसंबर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवक शामिल हुए। मानवाधिकार दिवस को मनाने का उद्देश्य है कि विश्व के सभी लोग सुरक्षित महसूस कर सकें और भेदभाव रहित स्वतंत्रतापूर्ण जीवन जी सकें। मानवाधिकार में स्वास्थ्य, आर्थिक सामाजिक व शिक्षा का अधिकार भी शामिल है। इस संबंध में सभी को विस्तृत जानकारी दी गई। स्वयंसेवकों ने मानव श्रृंखला बनाकर मानवाधिकार के संबंध में लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर निरंजन कुमार, प्रोफेसर आकांक्षा मरकाम, रूपेश देवांगन, कुशल प्रसाद, योगेंद्र, हेमचरण, तरूण, अपर्णा शर्मा, संकेत कुमार, अनिता मेश्राम, लीना गजेंद्र, फलक, माधुरी व योगिता यादव के साथ अन्य मौजूद रहे।

10.12.2023 को विश्व मानवाधिकार दिवस के परिप्रेक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में मानवश्रृंखला का निर्माण किया गया इस दिवस को मनाने का उद्देश्य समाज को अपने कर्तव्यों एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

Scanned with OKEN Scanner